अध्याय 16

राजभाषा हिंदी का संवर्धन

राजभाषा हिंदी का संवर्धन

मंत्रालय ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के प्रति वचनबद्ध रहते हुए उसके कार्यान्वयन को उच्च प्राथमिकता प्रदान की और इस प्रकार इस संबंध में मंत्रालय परिणामोन्मुख प्रयास कर रहा है।

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग में हो रही दैनिक प्रगति की समीक्षा करने तथा सरकारी कामकाज में उसका उपयोग बढ़ाने के लिए विभिन्न उपायों का सुझाव देने हेतु मंत्रालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति कार्यरत है। इस समिति की बैठकें हर तिमाही में की जाती हैं तथा राजभाषा के प्रयोग की स्थिति के साथ—साथ राजभाषा नीति के विभिन्न प्रावधानों के कार्यान्वयन की समीक्षा की जाती है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इस समिति की अब तक चार बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं।

हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय कोयला मंत्री की ओर से एक संदेश जारी किया गया जिसमें राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए भरसक प्रयास करने का अनुरोध किया गया। मंत्रालय में सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के बारे में जागरूकता लाने तथा उसके प्रयोग में वृद्धि करने के उद्देश्य से 15.09.2018 से 29.09.2018 तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया। हिंदी पखवाड़े के अवसर पर प्रत्येक श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सचिव (कोयला) की अध्यक्षता में प्रतियोगिताओं के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पुरस्कार वितरित किए गए। हिंदी में कार्य करने में अधिकारियों और कर्मचारियों की झिझक को दूर करने के उद्देश्य से मंत्रालय समय—समय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन करता है।

सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग की स्थिति का जायजा लेने और राजभाषा अधिनियम के प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित करने और सरकारी कामकाज में राजभाषा अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के संबंध में सुझाव देने हेतु संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप—समिति ने मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन 04 कार्यालयों का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त, राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से मंत्रालय के निरीक्षण दल ने मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन 03 कार्यालयों का निरीक्षण किया।

राजभाषा विभाग के दिशा—निर्देशों के अनुसार कोयला मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया गया है। माननीय कोयला राज्य मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 02.01.2019 को हुई है।